iknf kd lekpkj
fnukd&02-10-2023 ¼nkigj&1455 ct½

राष्ट्र आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन समेत कई राजनेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर भजन मंडली के कलाकारों ने बापू के प्रिय भजन और राम धुन प्रस्तुत किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आज यह प्रण लेने का दिन है कि किस प्रकार हम सभी लोग राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचार, आदर्श, मार्गदर्शन तथा उनके संदेश स्वच्छ मन, स्वच्छ सोच तथा स्वच्छ समाज की परिकल्पना को साकार करें। इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य महुआ माजी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

****

केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने गिरिडीह में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के बताए रास्ते पर ही चलकर समाज में अमन चौन कायम किया जा सकता है।

****

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर आज पूर्वी सिंहभूम जिले में निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर दांत की डॉक्टर स्वाति ने कहा कि सर्दियों में दांत की समस्या बढ़ जाती है, इसलिए निःशुल्क दांत जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर उन्होंने दंत रोगियों के बीच निःशुल्क दवा का भी वितराय किया।

****

पाकुड़ जिले के उपायुक्त मृत्युंजय कुमार वर्णवाल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर आज वीर कुंवर सिंह नगर भवन के निकट नगर परिषद द्वारा अधिष्ठापित वाटर एटीएम का उदघाटन किया। इस वाटर एटीएम के जरिये पांच एवं दस रुपये में एक एवं दो लीटर शुद्ध पेयजल मुहैया कराया जाएगा। इस मौके पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि शहरी क्षेत्र में और तीन–चार स्थानों पर भी वाटर एटीएम अधिष्ठापित किया जाएगा।

****

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर आज सिमडेगा में नगर परिषद की ओर से स्वच्छता सेवा के तहत जागरूकता दौड़ का आयोजन किया गया। इसमें प्रशासनिक पदाधिकारियों, विद्यार्थियों और आमलोगों ने भाग लिया। इस मौके पर उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने सफाईकर्मियों को सम्मानित किया। साथ ही कचरा उठाव वाले वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

****

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आगामी एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप को लेकर अधिकारियों को स्टेडियम की व्यवस्था से जुड़े कई महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं प्रदान करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। जैसा कि आपको मालूम हो कि रांची की मेजबानी में 27 अक्टूबर से एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन होना है।

****

पूर्वी सिंहभूम जिले के साकची महिला थाने में आ रही शिकायतों में अधिकांश पारिवारिक विवाद से जुड़े मामले होते हैं। और ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

lkm.M ck !" & jkt#k dekj %k%nkl& te#knilj & 4' ld.M

****

लोहरदगा जिले की सात छात्राएं एकलव्य विद्यालयों के चतुर्थ राष्ट्रीय सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं कला उत्सव प्रतियोगिता में भाग लेंगी। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय कुजरा की छात्राएं विद्यालय की प्राचार्या अमृता मिश्रा के साथ देहरादून के लिए रवाना हो गई हैं। यह प्रतियोगिता कल से 6 अक्टूबर तक आयोजित होगी, जिसमें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करनेवाले देश भर के एकलव्य विद्यालयों के प्रतिभागी भाग लेंगे।

****

चीन में खेले जा रहे एशियाई खेलों में आज भारत ने तीन कांस्य पदक हासिल किए। भारत की महिला और पुरुष स्पीड स्केटिंग रिले टीम ने दो कांस्य पदक हासिल किए, जबकि टेबल टेनिस में, भारत ने महिला युगल टूर्नामेंट में एक ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता।

*********** lek() ***********